घटना ▶ पर्स में मिली पर्ची से पहचान की कोशिश, आसपास पूछताछ में पुलिस को कोई स्पष्ट जानकारी नहीं मिली

# खंडहरनुमा मकान में मिला युवती का सड़ा-गला शव



**अनूपपुर, नवभारत 16 मार्च।** जिले के जैतहरी थाना क्षेत्र के ग्राम गुंवारी में एक खंडहरनुमा मकान से अज्ञात युवती का सड़ा-गला शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार रविवार शाम खेत मालिक और रिटायर्ड फौजी रामखेलावन राठौर अपने खेत पर गए थे। इसी दौरान उन्हें खेत में बने पुराने खंडहरनुमा मकान से तेज दुर्गंध महसूस हुई। पास जाकर देखने पर अंदर एक युवती का शव पड़ा दिखाई दिया। इसके बाद वे तुरंत गांव पहुंचे और ग्रामीणों को घटना की जानकारी दी। ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और स्थल का निरीक्षण किया।

### पर्स में मिली पर्ची में लिखा है काजल पुरी नाम

घटनास्थल की तलाशी के दौरान पुलिस को पास में एक पर्स मिला। पर्स में रखी एक कागज की पर्ची पर काजल पुरी नाम लिखा हुआ मिला है। पुलिस ने आसपास के लोगों से पूछताछ की, लेकिन युवती के बारे में कोई स्पष्ट जानकारी नहीं मिल सकी।

### फॉरेंसिक टीम ने बताया कई दिन पुराना हैं शव

मामले की गंभीरता को देखते हुए फॉरेंसिक टीम को भी मौके पर बुलाया गया। प्रारंभिक जांच में फॉरेंसिक टीम ने शव को कई दिन पुराना बताया है। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई पूरी कर रात करीब 9 बजे शव को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जैतहरी के पोस्टमार्टम कक्ष में सुरक्षित रखवा दिया।

### पुलिस मामले के सभी पहलुओं की कर रही जांच

पुलिस के अनुसार पर्ची में लिखे नाम काजल पुरी के आधार पर पहचान का प्रयास किया जा रहा है। बताया जा रहा है कि ग्राम लपटा निवासी काजल पुरी पुत्री सुक्खीराम पनिका 17 फरवरी से लापता है, जिसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट पहले से दर्ज है। पुलिस ने संबंधित परिजनों को शव की पहचान के लिए बुलाया है। परिजनों द्वारा पहचान होने के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल पुलिस मामले के सभी पहलुओं की जांच में जुटी हुई है।

## कन्या विद्यालय की 20 छात्राओं को लगाया एचपीवी टीका

**अनूपपुर नवभारत।** जिले में गर्भाशय ग्रीवा कैंसर (सर्वाइकल कैंसर) से बचाव के लिए चल रहे एचपीवी (ह्यूमन पैपिलोमा वायरस) टीकाकरण अभियान के तहत किशोरियों को टीका लगाया जा रहा है। इसी क्रम में सोमवार को शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अनूपपुर की 20 छात्राओं ने जिला चिकित्सालय अनूपपुर में एचपीवी का टीका लगवाया। कलेक्टर हर्षल पंचोली के निर्देशन में चल रहे इस अभियान के तहत 14 वर्ष पूर्ण कर चुकी तथा 15 वर्ष 3 माह तक की बालिकाएं टीकाकरण के लिए पात्र हैं। साथ ही अभियान शुरू होने के 90 दिनों के भीतर 15 वर्ष की आयु पूरी करने वाली बालिकाओं को भी इसमें शामिल किया गया है। इस दौरान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अलका तिवारी, डॉ. एससी राय, विद्यालय के प्राचार्य डॉ. कौशलेन्द्र सिंह सहित विद्यालय का स्टाफ उपस्थित रहा।

# किशोरी का अपहरण करने वाला युवक गिरफ्तार

पुलिस ने किशोरी को पुणे से बरामद किया



**अनूपपुर, नवभारत 16 मार्च।** कोतवाली पुलिस ने 17 वर्षीय किशोरी को शादी का झांसा देकर अपहरण करने वाले 20 वर्षीय युवक को महाराष्ट्र के पुणे से गिरफ्तार किया है। पुलिस किशोरी को बरामद कर आरोपी के साथ सोमवार को अनूपपुर पहुंची और आरोपी को न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। कोतवाली निरीक्षक अरविंद जैन ने बताया कि आरोपी विनय कुमार पटेल उम्र 20 ग्राम छिलपा भालूमाड़ा का रहने वाला है। उसका किशोरी के पड़ोस में रहने वाले अपने मामा के घर अक्सर आना-जाना था। इसी दौरान दोनों के बीच पहचान हुई और धीरे-धीरे दोस्ती बढ़ गई। बताया गया कि 23 फरवरी को किशोरी अचानक अपने घर से लापता हो गई थी। परिजनों ने काफी तलाश के बाद कोतवाली थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने मामला दर्ज कर किशोरी की तलाश शुरू की।

### किराए के कमरे में युवक व किशोरी मिली

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक मोती उर रहमान के निर्देश पर साइबर सेल की मदद से एक विशेष टीम गठित की गई। जांच के दौरान पुलिस को जानकारी मिली कि आरोपी किशोरी को लेकर महाराष्ट्र भाग गया है। इसके बाद पुलिस टीम ने पुणे के कोरेगांव इलाके में छापेमारी की, जहां आरोपी एक किराए के कमरे में किशोरी के साथ मिला। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर किशोरी को सुरक्षित बरामद कर लिया।

### शादी का झांसा देकर किशोरी को ले गया था

पूछताछ में सामने आया कि आरोपी विनय पटेल ने शादी का झांसा देकर किशोरी को बहला-फुसलाकर अपने साथ पुणे ले जाने की योजना बनाई थी। पुलिस ने किशोरी को परिजनों को सौंप दिया है और मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# भीषण गर्मी में स्वास्थ्य केंद्र की व्यवस्था बदहाल

मरीजों को पानी तक नसीब नहीं, जिम्मेदारों की लापरवाही पर उठे सवाल




**कोतमा नवभारत 16 मार्च।** जिले के स्वास्थ्य केंद्रों की जमीनी हकीकत एक बार फिर सवालों के घेरे में आ गई है। भीषण गर्मी के दौर में जहां मरीज इलाज के लिए स्वास्थ्य केंद्र पहुंचते हैं, वहीं उन्हें मूलभूत सुविधाओं के अभाव में अतिरिक्त परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

ताजा मामला जिले के कोतमा स्वास्थ्य केंद्र का है, जहां मरीजों को पीने का ठंडा पानी तक उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। स्थानीय लोगों और मरीजों का आरोप है कि स्वास्थ्य केंद्र में रखा पानी का फ्रिजर पिछले लगभग छह महीनों से खराब या लीक अवस्था में पड़ा है, लेकिन अब तक उसे सुधारने की कोई ठोस पहल नहीं की गई। गर्मी से परेशान मरीज जब पानी लेने पहुंचते हैं तो उन्हें मना कर दिया जाता है, जिससे उनकी परेशानी और बढ़ जाती है।

### पानी के लिए भटकना पड़ता है

कई मरीजों ने बताया कि दवा लेने के बाद पानी के लिए इधर-उधर भटकना पड़ता है, जो स्वास्थ्य सेवाओं की संवेदनहीन तस्वीर पेश करता है। सूत्रों के अनुसार, संबंधित अधिकारियों द्वारा निरीक्षण तो किए जाते हैं, लेकिन वे केवल कागजी औपचारिकताओं तक सीमित रह जाते हैं। जमीनी समस्याओं को महसूस करने और तत्काल समाधान करने की जिम्मेदारी कहीं न कहीं नजरअंदाज होती दिखाई दे रही है।

### प्रशासनिक उदासीनता

स्वास्थ्य केंद्र वह स्थान होता है जहां मरीज राहत और विश्वास की उम्मीद लेकर आते हैं, लेकिन जब वहां पीने के पानी जैसी बुनियादी सुविधा भी उपलब्ध नहीं हो, तो यह केवल अव्यवस्था नहीं बल्कि प्रशासनिक उदासीनता का उदाहरण बन जाता है। स्थानीय नागरिकों ने जिला कलेक्टर, जिला स्वास्थ्य अधिकारी एवं ब्लॉक मेडिकल अधिकारी से मांग की है कि स्वास्थ्य केंद्रों का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं को तत्काल दुरुस्त कराया जाए।

## पसान में श्रीराम कथा व सतचंडी महायज्ञ 19 से

**जमुना कोतमा नवभारत 16 मार्च।** रामनवमी के पावन अवसर पर पसान नगर में 10 दिवसीय भव्य श्रीराम कथा एवं सतचंडी महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है, जिसे लेकर पूरे क्षेत्र में धार्मिक उत्साह का माहौल है। यह आयोजन 19 मार्च से प्रारंभ होकर 28 मार्च तक चलेगा। कार्यक्रम में अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कथा वाचक पंडित राजीव लोचन शास्त्री द्वारा प्रतिदिन संगीतमय श्रीराम कथा का वाचन किया जाएगा, जिसमें भगवान श्रीराम के आदर्श जीवन, धर्म, मर्यादा और भक्ति का संदेश श्रद्धालुओं तक पहुंचाया जाएगा। इस धार्मिक आयोजन को सफल बनाने में युवा समाजसेवी आशीष मिश्रा की विशेष भूमिका बताई जा रही है। उनके मार्गदर्शन और सक्रिय प्रयासों से आयोजन की तैयारियां व्यापक स्तर पर की जा रही हैं।

# अनूपपुर में ट्रैफिक व्यवस्था सवालों के घेरे में, लग रहा जाम

▶ नो-एंट्री में दौड़ते हैं भारी वाहन
यातायात प्रभारी पर उठने लगे सवाल




**अनूपपुर नवभारत 16 मार्च।** जिले की यातायात व्यवस्था इन दिनों गंभीर सवालों के घेरे में है। शहर के मुख्य चौराहों पर लगातार लगने वाले जाम, नो-एंट्री में बेखौफ दौड़ते भारी वाहन और हाईवे पर कथित वसूली की चर्चाओं ने यातायात पुलिस की कार्यप्रणाली पर प्रश्नचिह्न लगा दिया है। जनचर्चा में विशेष रूप से यातायात प्रभारी विनोद दुबे के नेतृत्व वाली व्यवस्था पर सवाल उठ रहे हैं।

नागरिकों का कहना है कि यदि समय रहते व्यवस्था में सुधार नहीं किया गया तो शहर की यातायात स्थिति और भी बदतर हो सकती है। गौरतलब है कि बीते दिनों एक वीडियो पूरे देश में वायरल हुआ था, जिसमें एक वाहन चालक ने यातायात पुलिस पर गंभीर आरोप लगाए थे। हालांकि जिले के कप्तान की छवि एक ईमानदार और सख्त अधिकारी के रूप में मानी जाती है, लेकिन स्थानीय स्तर पर यह चर्चा लगातार बनी हुई है कि उनकी ईमानदार कार्यशैली पर यातायात व्यवस्था की ढिलाई कहीं न कहीं बट्टा लगाती नजर आ रही है।

### लंबे समय से चल रहा वसूली का खेल

बताया जाता है कि हाईवे पर चेकिंग के नाम पर बड़े वाहनों को रोककर वसूली का खेल लंबे समय से चल रहा है, जिसकी शिकायतें समय-समय पर सामने आती रही हैं। शहर के सबसे व्यस्त और हृदय स्थल माने जाने वाले शंकर मंदिर चौराहे पर शाम के समय यातायात जाम एक स्थायी समस्या बन चुका है। स्थानीय लोगों का कहना है कि शाम 5 बजे के बाद यहां हर घंटे वाहनों की लंबी कतारें लग जाती हैं कई बार स्थिति ऐसी हो जाती है कि पैदल निकलना भी मुश्किल हो जाता है।

### नो एंट्री के नियमों की उड़ा रहे धज्जियां

शहर में नो-एंट्री के नियम होने के बावजूद भारी वाहनों की आवाजाही पर रोक नहीं लग पा रही है। बस स्टैंड और स्टेशन के आसपास के क्षेत्रों सहित कई रिहायशी इलाकों में बड़े ट्रक, डंपर और अन्य मालवाहक वाहन खुलेआम प्रवेश कर रहे हैं। रेत, गिट्टी और मिट्टी से भरे ये वाहन दिन-रात शहर के अंदर घूमते नजर आते हैं। नियमों के अनुसार इन वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित है, लेकिन इसके बावजूद इन पर कार्रवाई नहीं होने से नागरिकों में नाराजगी बढ़ रही है।

## एक नजर में



### फरार वारंटी अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार

**अनूपपुर, नवभारत।** जिले के करनपठार थाना अंतर्गत चौकी सरई पुलिस ने लंबे समय से फरार चल रहे एक स्थायी वारंटी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आरोपी के पास से एक अवैध लोहे का बका भी बरामद किया गया है, जिस पर आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार स्थायी वारंटी अनिल सिंह पिता सुरेन्द्र सिंह 25 वर्ष निवासी खरमौध के खिलाफ दो स्थायी गिरफ्तारी वारंट जारी थे। आरोपी पिछले 5-6 वर्षों से फरार चल रहा था और पुलिस से बचने के लिए लगातार ठिकाने बदल रहा था। घटना के दिन आरोपी बका लेकर घूमता हुआ पाया गया और पुलिस को देखकर भागने का प्रयास करने लगा, लेकिन चौकी सरई पुलिस ने काफी मशक्कत के बाद उसे गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के पास से बका मिलने पर आर्म्स एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया गया।



### दिव्यांग बच्चों की पहचान के लिए कल विशेष शिविर

**अनूपपुर, नवभारत।** कलेक्टर हर्षल पंचोली के निर्देशानुसार जिले में 0 से 18 वर्ष तक के दिव्यांग बच्चों की पहचान, स्क्रीनिंग और दिव्यांगता प्रमाणन के लिए 18 मार्च को विशेष शिविर आयोजित किया जाएगा। यह शिविर जिला चिकित्सालय अनूपपुर के स्व-सहायता भवन में सुबह 11 बजे से लगाया जाएगा। शिविर में विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा बच्चों का परीक्षण कर दिव्यांगता का आकलन किया जाएगा तथा यूडीआईडी पोर्टल पर पंजीयन कर प्रमाणन की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। जिन बच्चों के पास अभी तक दिव्यांगता प्रमाण-पत्र नहीं है, उन्हें प्राथमिकता दी जाएगी। दूरस्थ क्षेत्रों से आने वाले बच्चों के आवागमन की व्यवस्था संबंधित पंचायत एवं नगरीय निकायों द्वारा की जाएगी।



### पट्टा वितरण में लापरवाही बर्दाश्त नहीं : पंचोली

**अनूपपुर, नवभारत 16 मार्च।** कलेक्टर हर्षल पंचोली ने सोमवार को नर्मदा सभागार में आयोजित समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक में विभिन्न विभागों के कार्यों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों को पट्टा वितरण में लापरवाही बरतने पर डोला और डूमरकछार के मुख्य नगरपालिका अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाई गई। उन्होंने एसईसीएल की भूमि पर निवास कर रहे प्रधानमंत्री आवास योजना के पात्र हितग्राहियों को पट्टा देने के लिए आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। संबंधित अनुविभागीय अधिकारी राजस्व और मुख्य नगरपालिका अधिकारियों को संयुक्त रूप से ड्रोन सर्वे कराकर पात्र हितग्राहियों को पट्टा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए।

मामला कोतमा क्षेत्र के स्वास्थ्य विभाग से जुड़ा है

# महिला कर्मचारियों पर छींटाकशी में एलडीसी निलंबित

**अनूपपुर, नवभारत 16 मार्च।** जिले के कोषालय विभाग में पदस्थ लिपिक के खिलाफ की गई शिकायतों के बाद प्रशासन ने सख्त कार्रवाई करते हुए उसे निलंबित कर दिया है। कलेक्टर हर्षल पंचोली ने गंभीर आरोपों के चलते जिला कोषालय में पदस्थ एलडीसी (लोअर डिवीजन क्लर्क) विष्णु देव तिवारी को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने के आदेश जारी किए हैं।

जानकारी के अनुसार मामला कोतमा क्षेत्र के स्वास्थ्य विभाग से जुड़ा बताया जा रहा है। सूत्रों के मुताबिक विष्णु देव तिवारी ने एक महिला कर्मचारी की आउटसोर्स भर्ती कराने में भूमिका निभाई थी। भर्ती के बाद वे संबंधित विभाग पर उक्त कर्मचारी से काम लेने में नरमी बरतने के लिए दबाव बना रहे थे।

### बीएमओ व सीएमएचओ ने की थी शिकायत

बताया जाता है कि इसी दौरान विवाद बढ़ गया और विष्णु देव तिवारी स्वयं बीएमओ कार्यालय कोतमा पहुंच गए और उसके बाद विवाद की स्थिति बन गई। आरोप है कि इस दौरान उन्होंने महिला कर्मचारियों पर आपत्तिजनक टिप्पणी और छींटाकशी की, जिसके बाद मामला गंभीर हो गया। सूत्रों के अनुसार इस संबंध में बीएमओ कोतमा केएल दीवान तथा सीएमएचओ अनूपपुर द्वारा कलेक्टर को लिखित शिकायत की थी।



### विष्णु देव पूर्व में भी आचरण को लेकर विवादों में रहे

हालांकि निलंबन आदेश को सार्वजनिक रूप से ज्यादा प्रचारित नहीं किया गया है, लेकिन सूत्रों का कहना है कि आदेश में पूरी घटना का उल्लेख करते हुए कार्रवाई की गई है। यह भी चर्चा है कि विष्णु देव तिवारी पूर्व में भी अपने आचरण को लेकर विवादों में रहे हैं और कई बार उनके नशे की हालत में मिलने की बातें भी सामने आती रही हैं।

### जिला कोषालय अधिकारी ने निलंबन की पुष्टि की

इधर जिला कोषालय अधिकारी ने निलंबन की पुष्टि करते हुए बताया कि स्वास्थ्य विभाग की ओर से कुछ शिकायतें कलेक्टर के पास भेजी गई थीं, जिनके आधार पर यह कार्रवाई की गई है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि घटना कोतमा क्षेत्र से जुड़ी है।

### एलडीसी ने आरोपों को किया खारिज

जब इस संबंध में विष्णु देव तिवारी से उनका पक्ष जानने का प्रयास किया गया तो उन्होंने सभी आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया। उन्होंने कहा कि वे बीएमओ कार्यालय जरूर गए थे, लेकिन वहां कई लोग मौजूद थे और उन्होंने कोई आपत्तिजनक व्यवहार नहीं किया। उन्होंने निष्पक्ष जांच के लिए समिति गठित करने की मांग करते हुए कहा कि उनके खिलाफ लगाए गए सभी आरोप निराधार हैं।

**इनका कहना है**

एलडीसी विष्णु देव तिवारी बीएमओ कार्यालय कोतमा जाकर अधिकारियों और महिला कर्मचारियों से नोकझोंक किये जाने के आरोप पर कलेक्टर ने निलंबित कर दिया है।

**दिलीप मरकाम**
**जिला कोषालय अधिकारी अनूपपुर**




# क्षेत्र में गांजा तस्करी का नेटवर्क सक्रिय

▶ बड़े वाहनों से पहुंचाई जा रही गांजे की खेप

**अनूपपुर नवभारत 16 मार्च।** क्षेत्र में अवैध गांजा तस्करी को लेकर गंभीर चर्चाएं सामने आ रही हैं। हाल ही में जबलपुर एसटीएफ की टीम ने जैतहरी क्षेत्र में बड़ी कार्रवाई करते हुए लगभग 6 क्विंटल गांजा जब्त किया था। इस कार्रवाई के बाद स्थानीय स्तर पर यह सवाल उठने लगे हैं कि जब इतने बड़े स्तर पर अवैध मादक पदार्थों की तस्करी हो रही थी तो स्थानीय व्यवस्था को इसकी भनक क्यों नहीं लगी। सूत्रों के अनुसार जैतहरी, रामपुर, खाड़ा, फुनगा और बदरा क्षेत्र में गांजा तस्करी का एक मजबूत नेटवर्क सक्रिय बताया जाता है। चर्चा है कि बड़े-बड़े वाहनों के जरिए दिन-रात गांजे की खेप एक स्थान से दूसरे स्थान तक पहुंचाई जा रही है। ऐसे में लोगों का कहना है कि यदि यातायात विभाग द्वारा सख्ती से चेकिंग और निगरानी की जाए तो इस तरह की तस्करी पर काफी हद तक अंकुश लगाया जा सकता है।

### जनता की मांग, वरिष्ठ अधिकारी लें संज्ञान

शहर में जारी अवैध गतिविधियों की चर्चाओं के बीच आम नागरिकों ने वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों से हस्तक्षेप की मांग की है। लोगों का कहना है कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए और यदि किसी स्तर पर लापरवाही या अनियमितता सामने आती है तो संबंधित कर्मचारियों और अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए।

प्रदर्शन ▶ प्राचार्य पर भ्रष्टाचार और लापरवाही के लगाए आरोप, समस्याएं नहीं सुलझीं तो उग्र आंदोलन की दी चेतावनी

# एबीवीपी ने कॉलेज के मुख्य द्वार पर ताला जड़कर किया प्रदर्शन

**अनूपपुर, नवभारत 16 मार्च। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की बिजुरी नगर इकाई ने सोमवार को शासकीय महाविद्यालय बिजुरी में व्याप्त अव्यवस्थाओं के विरोध में जोरदार प्रदर्शन किया।**

छात्र संगठन के कार्यकर्ताओं ने कॉलेज के मुख्य द्वार पर ताला लगाकर करीब दो घंटे तक नारेबाजी की और बाद में प्राचार्य को ज्ञापन सौंपते हुए समस्याओं के शीघ्र समाधान की मांग की। एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि कॉलेज प्रशासन का रवैया छात्रों की समस्याओं को लेकर उदासीन बना हुआ है। उनका कहना था कि सार्थक एप्लीकेशन में ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज होने के बावजूद कई जिम्मेदार अधिकारी कॉलेज में मौजूद नहीं रहते और निजी कार्यों में व्यस्त रहते हैं।





### कॉलेज के बजट में हेराफेरी का आरोप

संगठन ने कॉलेज के बजट में हेराफेरी और छात्रों को कार्यक्रमों की जानकारी दिए बिना फंड के दुरुपयोग जैसे गंभीर आरोप भी लगाए। छात्राओं की सुरक्षा को लेकर भी परिषद ने सवाल उठाए। कार्यकर्ताओं ने बताया कि कॉलेज के मुख्य द्वार पर सीसीटीवी कैमरे और सुरक्षा गार्ड की व्यवस्था नहीं है, जिसके कारण असामाजिक तत्वों द्वारा छात्रों से मारपीट की घटनाएं सामने आती रहती हैं।

### लाइब्रेरी में पर्याप्त किताबें उपलब्ध नहीं

छात्राओं के लिए सेनेटरी वेंडिंग मशीन और फर्स्ट एड बॉक्स की भी कोई व्यवस्था नहीं है। एबीवीपी ने यह भी कहा कि कॉलेज की लाइब्रेरी में पर्याप्त किताबें उपलब्ध नहीं हैं, वाई-फाई सेवा लंबे समय से बंद पड़ी है और प्रयोगशाला में पुराने व जंग लगे उपकरणों से प्रैक्टिकल कराया जा रहा है। कुछ शिक्षकों पर धूम्रपान कर कॉलेज आने का आरोप भी लगाया गया।

### समय सारणी के अनुसार कक्षाएं नहीं लगतीं

इसके अलावा समय सारणी के अनुसार कक्षाएं नहीं लगतीं और छात्रों को टीसी (स्थानांतरण प्रमाण पत्र) के लिए कई-कई दिनों तक भटकना पड़ता है। छात्र संगठन ने कॉलेज में खेल सामग्री, स्वच्छ पेयजल और शौचालय की समुचित व्यवस्था की मांग भी उठाई। एबीवीपी ने स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि जल्द ही समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो संगठन द्वारा और उग्र आंदोलन किया जाएगा।

## चचाई में 125 बोरी अवैध महुआ पकड़ा

**अनूपपुर, नवभारत।** जिले में अवैध गतिविधियों के खिलाफ प्रशासन ने सख्ती बढ़ा दी है। हाल ही में कलेक्टर हर्षल पंचोली के विशेष निर्देश पर प्रशासनिक टीम ने चचाई थाना क्षेत्र में बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध रूप से परिवहन किए जा रहे महुआ की बड़ी खेप पकड़ने में सफलता हासिल की है। इस कार्रवाई से अवैध व्यापार करने वालों में हड़कंप मच गया है। यह कार्रवाई एसडीएम अनूपपुर कमलेश पुरी के निर्देशन में की गई। चचाई पुलिस और मंडी अधिकारियों की संयुक्त टीम ने सूचना के आधार पर घेराबंदी कर महुआ से भरे वाहन को रोका। जांच के दौरान पाया गया कि महुआ का परिवहन बिना किसी वैध दस्तावेज, परमिट या अनुमति के किया जा रहा था। इसके बाद ट्रक सहित महुआ को जब्त कर चचाई थाने के सुपुर्द खड़ा करा दिया गया है। जानकारी के अनुसार मामले में मुख्य आरोपी बुढार निवासी दलबीर पाव बताया जा रहा है।